राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के समक्ष पर्यटन विभाग और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के मध्य एमओयू

पर्यटन विभाग और डब्ल्यू जेड सी सी संयुक्त भागीदारी से करेंगे पर्यटन का विस्तार

–राज्यपाल

जयपुर, 04 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के समक्ष बुधवार को यहां राजभवन में पर्यटन विभाग और उदयपुर के पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के मध्य एमओयू हुआ। पर्यटन विभाग के मंत्री श्री विश्वेन्द्र सिंह की मौजूदगी में पर्यटन विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती श्रेया गुहा और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक श्री सुधांशु ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर एक–दूसरे को आदान–प्रदान किया।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की पहल पर हुए इस एमओयू से राज्य के पर्यटन, कला व संस्कृति के विस्तार में पर्यटन विभाग व पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र संयुक्त भागीदारी निभायेंगे। इससे राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि राज्य में देशी व विदेशी पर्यटकों की आवक इससे बढ़ेगी। राज्य के पर्यटन का विस्तार होगा।

वित्तीय वर्ष 2019–20 में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर राजस्थान पर्यटन द्वारा आयोजित 11 मेले व त्योहारों हेतु कलाकार दल उपलब्ध करायेगा, जिनकी प्रस्तुति हेतु पर्यटन विभाग सम्बन्धित अधीनस्थ पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से ध्वनि, लाईट, स्टेज एवं कलाकारों के आवास एवं स्थानीय यातायात की व्यवस्था कराएगा। कलाकारों को उनका पारिश्रमिक, दैनिक एवं भोजन भत्ता पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा दिया जायेगा। ग्यारह मेले एवं त्यौहारों में वागड़ उत्सव–डूंगरपुर, चन्द्रभागा उत्सव–झालावाड़, बून्दी उत्सव–बून्दी, रणकपुर उत्सव–पाली, चित्तोड़गढ़ उत्सव, ऊंट उत्सव–बीकानेर, मरू महोत्सव–जैसलमेर, बेणेश्वर मेला–डूंगरपुर, मेवाड़ उत्सव–उदयपुर एवं राजस्थान फेस्टिवल–जयपुर सम्मिलित है।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा राजस्थान के 11 मेले त्योहारों हेतु कलाकार दल उपलब्ध कराये जाने के एवज में पर्यटन विभाग द्वारा पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के आयोजनों यथा शरद रंग एवं ऋतु बसंत सहित तीन कार्यक्रमों को स्थानीय स्तर पर प्रचारित करेगा। राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार और राज्यपाल के विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल भी मौजूद थे। **फोटो – 1**

राज्यपाल ने शबद कीर्तन में भाग लिया

जयपुर, 04 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने यहां मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित श्रीगुरूनानक के 550 वे प्रकाश उत्सव पर हुए शबद कीर्तन में भाग लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत सहित अनेक गणमान्यगण नागरिक मौजूद थे। **फोटो – 2**

राज्यपाल से सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री की मुलाकात

जयपुर,04 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को यहां राजभवन में सूचना एवं जनसम्पर्क व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से डॉ. शर्मा की यह शिष्टाचार भेंट थी। **फोटो – 3**

नौ सेना दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 04 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने नौ सेना दिवस पर कहा है कि '' नौ सेना दिवस पर सभी अधिकारियों को मेरी शुभकामनाएं। हमारी समुद्री सीमाओं की रक्षा, हमारे व्यापार मार्गों की सुरक्षा और नागरिकों की आपात स्थिति में संरक्षा प्रदान करने में नौसेना की प्रतिबद्धता अप्रतिम है। देश नौ सेना पर गर्व करता है। जय हिन्द ''

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क) राज्यपाल